प्रादेशिक समाचार
दिनांक–31.03.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उत्तर प्रदेश में करेंगे चुनाव अभियान की शुरुआत, दिल्ली में विपक्ष की होगी महारैली, मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन और कल्पना सोरेन भी होंगे शामिल।

- भाजपा ने किया 27 सदस्यीय चुनाव घोषणा पत्र समिति का गठन, केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह बने अध्यक्ष, झारखंड से अर्जुन मुंडा को मिली जगह।

- जमीन घोटाला मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय ने बरियातु के बड़गाईं अंचल की साढ़े आठ एकड़ भूमि किया अटैच, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत पांच के खिलाफ आरोप पत्र दायर।

- हजारीबाग के छड़वा डैम से मिला अंतर्राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी का शव, पुलिस ने प्रेमिका समेत दो को किया गिरफ्तार।

- राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में कल रात तेज हवा के साथ हुई झमाझम बारिश, मौसम विभाग ने आज भी वर्षा का जताया अनुमान, वज्रपात की भी चेतावनी

*****************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उत्तर प्रदेश में चुनाव अभियान का शुभारम्भ करेंगे। वे मेरठ में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। भारतीय जनता पार्टी ने टीवी सीरियल रामायण प्रसिद्धि के अरूण गोविल को मेरठ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राष्ट्रीय लोकदल प्रमुख जयंत चौधरी और भारतीय जनता पार्टी के अन्य नेता इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। उत्तर प्रदेश में सात चरणों में मतदान होना है। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए ने फिर से केन्द्र की सत्ता में आने का विश्वास व्यक्त किया है और इसके लिए उत्तर प्रदेश सर्वाधिक 80 संसदीय सीटों के साथ महत्वपूर्ण साबित होगा।

*****************

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव घोषणा–पत्र समिति का गठन किया है। पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने इसकी घोषणा की। पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह को 27 सदस्यीय समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी की वरिष्ठ नेता निर्मला सीतारामन को समिति का संयोजक और पीयूष गोयल को सह–संयोजक बनाया गया है। इस समिति में झारखंड से केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को भी जगह दी गयी है।

*****************

जमीन घोटाला मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय ने बरियातू के बड़गाईं अंचल स्थित साढ़े आठ एकड़ जमीन को अटैच कर लिया है। दूसरी तरफ ईडी ने कल जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनके मित्र विनोद सिंह और राजस्व अधिकारी भानु प्रसाद समेत पांच के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया है।

*****************

गिरिडीह के जिला समाहरणालय में कल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रेडक्रास सोसाइटी द्वारा आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों ने रक्त दान किया। रेड क्रास सोसायटी के अरविंद कुमार ने बताया कि गिरिडीह में थेलेसीमिया मरीजों की संख्या अधिक है, जिन्हें नियमित रक्त की जरूरत होती है। उन्होंने रक्त अधिकोष बढ़ाने के लिए जिले के सभी प्रबुद्ध लोगों से रक्तदान करने कीअपील की है।

*****************

हजारीबाग जिले में लगभग डेढ़ सौ किसानों से पौधरोपण के नाम पर आठ से दस करोड़ रुपये की ठगी का का मामला सामने आया है। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक आरोपी जितेंद्र पांडे को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से गिरफ्तार कर लिया है। दूसरे आरोपी प्रदीप राय की तलाश जारी है। ठगी को लेकर अर्जुन प्रसाद यादव ने शिकायत दर्ज कराई थी। जिले के पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के ग्राम ओरिया में संचालित गैर सरकारी संस्था प्रज्ञा सेवा संस्थान का निदेशक है। उसने हजारीबाग के विभिन्न प्रखंडों में डेढ़ सौ से ज्यादा किसानों से ठगी की है।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*****************

अंतर्राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रशांत कुमार सिन्हा की हत्या कर दी गयी है। उनका शव हजारीबाग के छड़वा डैम से बरामद किया गया है। प्रशांत कुमार सिन्हा जमशेदपुर के रहने वाले थे। हत्यारे ने उनके शव को प्लास्टिक की बोरी में बांधकर छठवा डैम स्थित पुल के नीचे फेंक दिया था। इस घटना को उसकी प्रेमिका रही हजारीबाग के न्यू एरिया निवासी काजल ने अपने नए दोस्त रौनक कुमार के सहयोग से अंजाम दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

*****************

देवघर में साइबर अपराधियों द्वारा उपायुक्त विशाल सागर के नाम पर फर्जी व्हाट्सएप बनाने का मामला सामने आया है। इसके डीपी में उपायुक्त की तस्वीर का भी इस्तेमाल किया गया है। उपायुक्त के नाम से मोबाइल नंबर 960 100 4280 से लोगों को मैसेज भी भेजा जा रहा था। इसकी सूचना मिलते ही उपायुक्त ने संबंधित थाने में मामला दर्ज कराया है और लोगों से अपील की है कि वे साइबर ठगों से सावधान रहें।

*****************

इंडियन प्रीमियर लीग के 11वें मुकाबले में कल लखनऊ सुपर जायंट्स ने पंजाब किंग्स को 21 रनों से मात दी। यह मैच कल रात लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। पंजाब किंग्स 200 रन के लक्ष्य के जवाब में पांच विकेट के नुकसान पर 178 रन ही बना सकी। कप्ताान शिखर धवन ने सर्वाधिक 70 रन बनाए जबकि जॉनी बेयस्टो ने 42 रनों की पारी खेली। मयंक यादव ने लखनऊ के लिये तीन विकेट झटके। लखनऊ सुपर जायंट्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और आठ विकेट पर 199 रन बनाए। क्विंटन डी कॉक ने सर्वाधिक 54 रन बनाए। क्रुणाल पांडया ने 43 रनों का योगदान दिया। पंजाब किंग्स के सैम करन के खाते में तीन विकेट गये। मयंक यादव को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। आईपीएल में आज दो मैच खेले जाएंगे। पहला मुकाबला दोपहर साढे तीन बजे अहमदाबाद के नरेन्द्र  मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच होगा। दूसरे मुकाबले में  शाम साढे सात बजे विशाखापतनम के वाई एस राजशेखर रेड्डी स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और डेल्ही कैपिटल्स  आमने सामने होंगे।

*****************

मौसम विभाग ने आज राजधानी रांची समेत राज्य के कई इलाकों में गरज के साथ बारिश होने का अनुमान जताया है। कई स्थानों पर वज्रपात होने की भी चेतावनी जारी की गयी है। इससे पहले कल दिन भर मौसम शुष्क रहा और तेज धूप खिली रही। हालांकि रात में मौसम का मिजाज बदला और रांची, पलामू समेत कई क्षेत्रों में तेज हवा के साथ झमाझम बारिश हुई। मौसम विभाग ने सोमवार तक बारिश की संभावना जतायी है। इसके बाद पांच अप्रैल तक आसमान साफ रहने और मौसम के शुष्क बने रहने का अनुमान है।

*****************

संक्षिप्त खबरें

- खूंटी जिले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 698 किलोग्राम अवैध डोडा बरामद किया है। इसकी अनुमानित कीमत एक करोड़ चार लाख सत्तर हजार रुपये बतायी गयी है।
- गोड्डा जिले के पथरगामा थाना क्षेत्र के रजौन– बिसहा मार्ग पर एक 35 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। मृतक एक फाइनेंस कंपनी का कर्मी था।

*****************

अखबारों की सुर्खियां

राज्य के अधिकांश अखबारों ने देश की चार विभूतियों को मरणोपरांत सर्वोच्च्य नागरिक सम्मान भारत रत्न प्रदान किये जाने से जुड़ी खबर को पहले पन्ने पर स्थान दिया है।
दैनिक भास्कर की सुर्खी है–चार हस्तियां भारत रत्न से अलंकृत।
प्रभात खबर ने लिखा है–कल से सफर होगा महंगा, टोल टैक्स में पांच से बीस रुपये तक की की गई वृद्धि।
दैनिक हिंदुस्तान ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर जमीन घोटाले में इडी की ओर से दायर चार्जशीट की खबर को प्रमुखता दी है।
दैनिक जागरण ने लिखा है–पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित पांच के खिलाफ इडी ने दाखिल की चार्जशीट।
राष्ट्रीय नवीन मेल ने पांच लाख के इनामी नक्सली नागेश्वर भोक्ता की गिरफ्तारी की खबर को पहले पन्ने पर स्थान दिया है।
रांची एक्सप्रेस ने लिखा है–अप्रैल–मई में अबकी पड़ेगी भीषण गर्मी।
अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने शराब नीति मामले में आम आदमी पार्टी के नेता कैलाश गहलोत से इडी की पूछताछ की खबर को प्रमुखता दी है।

*******************